# लोक शिक्षण संचालनालय म. प्र. भोपाल

## राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2021

## प्रथम अभ्यास प्रश्न पत्र

## सामाजिक विज्ञान

## कक्षा–10

विद्यार्थियों के लिए निर्देश :–

1. इस पुस्तिका में 60 प्रश्न हैं।
2. इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए 120 मिनिट का समय है।
3. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प 1, 2, 3, 4 है इनमें से केवल एक ही सही उत्तर है।
4. आप रफ कार्य इसी पुस्तिका में कर सकते है।

**प्र. 1** **मिताली एक मानचित्र में अपने शहर होशंगाबाद को खोजना चाहती है। इसके लिए उसे उस स्थान के संबंध में क्या जानना चाहिए?**

1. अक्षांश
2. देशांतर
3. अक्षांश एवं देशांतर
4. ध्रुव

**प्र. 2** **किस प्रकार के वनों में, शुष्क ग्रीष्म ऋतु के समय लगभग 6 से 8 सप्ताह तक वृक्ष अपने पत्ते गिरा देते हैं?**

1. उष्ण कटिबन्धीय सदाबहार वन
2. उष्ण कटिबन्धीय पर्णपाती वन
3. कंटीले वन
4. मैंग्रोव वन


**प्र. 3** **जून के मध्य में, पश्चिमी घाट के साथ-साथ होने वाली वर्षा का मुख्य कारण है**

1. उच्चावच लक्षण
2. चक्रवात
3. ताप संवहन
4. स्थानीय पवनें

**प्र. 4** **सूती वस्त्र, रबर, खाद्य तेल, कागज किस प्रकार के उद्योग के उदाहरण हैं?**


1. कृषि आधारित
2. पशु आधारित
3. खनिज आधारित
4. रसायन आधारित

**प्र. 5** **मानचित्र पर दर्शाई गई नदी (R) को पहचाने**




1. महानदी
2. कृष्णा
3. कावेरी
4. गोदावरी

**प्र. 6** **दिए गए मानचित्र का अवलोकन करें तथा जून से सितम्बर के मध्य 20 से.मी. से कम वर्षा वाले छायांकित क्षेत्र को पहचानें**



1. कोरोमण्डल तट
2. कोंकण तट
3. अरावली पहाड़ी के पश्चिमी किनारे
4. दक्कन पठार

**प्र. 7** **लौह क्षेत्र अयस्क मुख्यतः निम्न में से किस में पाया जाता है?**

1. हिमालय पर्वत
2. इंडो गंगा के किनारे
3. छोटा नागपुर पठार
4. अंडमान और निकोबार द्वीप

**प्र. 8** **पंजाब में भूमि निम्नीकरण का मुख्य कारण है**

1. खनन
2. वनोन्मूलन
3. अतिपशुचारण
4. अतिसिंचाई

**प्र. 9** **वर्षा ऋतु में उगाई जाने वाली फसलों को कहते हैं**

1. रबी
2. खरीफ
3. जायद
4. गेहूँ

**प्र. 10** **उस प्रदेश को पहचाने जहाँ पर भूमि संरक्षण के लिए सीढ़ीनुमा कृषि की जाती है?**

1. डेल्टा
2. मैदान
3. रेगिस्तान
4. पहाड़ियाँ

**प्र. 11** **निम्नलिखित में से कौन-से राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेश शीत ऋतु में पश्चिम विक्षोभ के कारण वर्षा प्राप्त करता है?**

1. पंजाब, हरियाणा
2. गुजरात, राजस्थान
3. असम, मेघालय
4. तमिलनाडु, पुडुचेरी

**प्र. 12** **फलीदार फसलों का उदाहरण है**

1. दालें
2. अनाज
3. गन्ना
4. कॉफी

**प्र. 13** **केरल और कर्नाटक में पूर्व-मानसून वर्षण को किस नाम से जाना जाता है?**

1. काल वैशाखी
2. लू
3. आम्र वर्षा
4. उत्तर-पछुवा

**प्र. 14** **शौर्य भारत में समुद्र तल से 1461 मीटर की ऊँचाई पर स्थित एक स्थान पर रहता है। उस स्थान को पहचाने जहाँ पर वह रहता है?**

1. शिलांग
2. लुधियाना
3. विशाखापट्नम
4. जयपुर

**प्र. 15** **उपजाऊ मृदा और प्रचुर वर्षण वाले मैदानी भागों में जनसंख्या घनत्व की संभावना कैसी होती है?**

1. उच्च
2. उच्च से उच्चतम
3. मध्यम
4. निम्न

**प्र. 16** **सविनय अवज्ञा आन्दोलन में व्यापारी वर्ग ने क्यों हिस्सा लिया?**

1. वे देश को स्वतंत्र कराना चाहते थे
2. वे विदेशी वस्तुओं के आयात के विरुद्ध सुरक्षा चाहते थे
3. वे राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेना चाहते थे
4. वे कामगारों की बेहतरी के लिए कार्य करना चाहते थे

**प्र. 17** **इस घटना से सविनय अवज्ञा आन्दोलन की शुरूआत मानी जाती है**

1. डांडी यात्रा
2. रॉलट सत्याग्रह
3. बारढोली सत्याग्रह
4. चौरी-चौरा कांड


**प्र. 18** **साइमन कमीशन के बहिष्कार का कारण था**

1. इसने सिर्फ बड़े शहरों का दौरा किया
2. उसमें कोई भारतीय सदस्य नहीं था
3. इसने व्यापारी समुदाय के माँगों को नजरअंदाज किया
4. यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (INC) को बिना सूचित किए भारत आया

**प्र. 19 फ्रांसीसी क्रान्ति (1789) के मुख्य उद्देश्य क्या थे?**

1. सौहार्द, कुलीनतंत्र, समानता
2. समानता, स्वतंत्रता, भाईचारा
3. भाईचारा, गणतंत्र, राजतंत्र
4. कुलीनतंत्र, स्वतंत्रता, गणतंत्र

**प्र. 20 मानचित्र का ध्यान से अध्ययन करें एवं 17 वीं शताब्दी के भारत के पश्चिम के दो बन्दरगाह पहचानें**




1. बंदर अस्वास एवं मस्कट
2. सूरत और मद्रास
3. मद्रास और मछलीपटनम
4. सूरत और गोवा

**प्र. 21 फ्रांसीसी क्रांति के समय रॉब्सपियरे के शासन ने कानून पास किये:**

1. मज़दूरी और कीमतों की सीमा से संबंधित
2. बास्तील के किले को ध्वस्त करने से संबंधित
3. पड़ोसी देशों को पलायन करने से संबंधित
4. संपत्ति हासिल करने से संबंधित

**प्र. 22 फ्रांसीसी क्रांति के दौरान किस दार्शनिक ने राजा के दैवीय एवं निरंकुश अधिकाटें के सिद्धान्त का खण्डन किया?**

1. जॉन लॉक
2. जीन जैक्यू रूसो
3. मान्तेस्क्यू
4. ज्यां पाल मरा

**प्र. 23 1929 के कांग्रेस के ऐतिहासिक लाहौर अधिवेशन के अध्यक्ष थे**

1. मोतीलाल नेहरू
2. पंडित जवाहर लाल नेहरू
3. सी.आर. दास
4. सरदार पटेल

**प्र. 24 गोलमेज सम्मेलन जिसमें कांग्रेस शामिल हुई थी**

1. प्रथम गोलमेज सम्मेलन, 1930
2. द्वितीय गोलमेज सम्मेलन, 1931
3. तृतीय गोलमेज सम्मेलन, 1932
4. सभी सम्मेलनों में

**प्र. 25 20 वीं सदी की शुरूआत में, भारत में राष्ट्रीय आन्दोलनों का नेतृत्व मुख्यतः ______________ द्वारा किया गया**

1. शहरी मजदूर वर्ग
2. श्रमिक संगठन
3. भूमिहीन किसान
4. शिक्षित शहरी पुरूष

**प्र. 26 सितम्बर 1932 में हुए पूना समझौता लार्ड इर्विन और ____________ के बीच हुआ था**

1. महात्मा गांधी
2. मौलाना आजाद
3. पंडित नेहरू
4. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

**प्र. 27 कांग्रेस ने अपने किस अधिवेशन में पूर्ण स्वराज की औपचारिक मांग रखी**

1. लाहौर
2. पूना
3. कलकत्ता
4. इलाहाबाद

**प्र. 28 सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौरान जनसमूहों को किन कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए कहा गया?**

1. नमक कानून को तोड़ना, नमक का उत्पादन और सरकारी नमक फैक्टरियों के सामने प्रदर्शन
2. विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार एवं शराब की दुकानों के सामने धरना देना
3. किसानों द्वारा राजस्व एवं चौकीदारी कर को चुकाने से इन्कार
4. उपरोक्त सभी

**प्र. 29 आन्ध्र प्रदेश की गुडेम पहाड़ियों में होने वाले उग्र गुरिल्ला आंदोलन का नेतृत्व किसने किया?**

1. जवाहर लाल नेहरू
2. अल्लुरी सीताराम राजु
3. सी.आर. दास
4. सुभाष चन्द्र बोस

**प्र. 30 उदारवादी-राष्ट्रवादी, जिन्होंने क्रान्ति की शुरूआत की में अधिकांशतः समाज के कौन से वर्ग शामिल थे?**

1. शिक्षित कुलीन मध्यवर्ग
2. कृषक वर्ग
3. अभिजात वर्ग
4. केवल कवि एवं कलाकार

**प्र. 31 मान लीजिए कि आप टूथपस्ट खरीदना चाहते हैं और दुकान मालिक कहता है, कि वह टूथपेस्ट तभी बेचेगा, जब आप टूथब्रश भी खरीदंगे। किस अधिकार के अंतर्गत आप टूथपेस्ट खरीद सकते ह?**

1. सूचना पाने का अधिकार
2. क्षतिपूर्ति निवारण का अधिकार
3. प्रतिनिधित्व का अधिकार
4. चुनने का अधिकार

**प्र. 32 नौकरी बाजार में एक व्यक्ति की कमाई के दो मुख्य निर्धारक हैं**

1. कौशल एवम् शिक्षा
2. शिक्षा एवम स्वास्थ्य
3. क्षमता एवम भाषा
4. स्वास्थ्य एवम कौशल

**प्र. 33 मानव विकास सूचकांक के मापने के लिये निम्न में से कौन एक कसौटी नहीं है?**

1. साक्षरता दर
2. प्रति व्यक्ति आय
3. जीवन प्रत्याशा
4. बेरोजगारी दर

**प्र. 34 एक देश के लिये धारणीय विकास है**

1. गैर नवीकरणीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग
2. प्राकृतिक साधनों का अति-शोषण
3. संसाधनों का न्यायपूर्वक एवं भविष्य उपयोगिता के लिए संरक्षण
4. संसाधनों का अनुचित उपयोग

**प्र. 35 एक राज्य की ग्रामीण जनसंख्या की शैक्षणिक उपलब्धि से सम्बंधित नीचे दी गई कल्पित आँकड़ों की तालिका का अवलोकन कीजिये। एक विकल्प चुनिए एवं रिक्त स्थान की पूर्ति करिए।**

| एक राज्य की ग्रामीण जनसंख्या की शैक्षणिक उपलब्धि | | |
|---|---|---|
| **श्रेणी** | **पुरूष (%)** | **महिलायें (%)** |
| ग्रामीण जनसंख्या की साक्षरता दर | 54 | 21 |
| 10-14 वर्षीय आयुवर्ग में बच्चों की साक्षरता दर | 69 | 41 |
| 10-14 वर्षीय स्कूल जाने वाले ग्रामीण बच्चों का प्रतिशत | 64 | 34 |

**स्कूल न जाने वाली ग्रामीण बच्चियों का प्रतिशत __________**

1. 66 %
2. 64 %
3. 54 %
4. 34 %


**प्र. 36** **निम्नलिखित में से कौन-सी मुद्रा <u>नहीं</u> है?**

1. मुद्रा नोट
2. जमा
3. सिक्के
4. क्रेडिट कार्ड

**प्र. 37** **निम्नलिखित में से कौन साख के औपचारिक स्त्रोत का एक उदाहरण है?**

1. साहूकार
2. व्यापारी
3. बैंक
4. सम्बंधी एवम मित्रगण

**प्र. 38-39** **नीचे दिये गये रेखाचित्र का अवलोकन कीजिये और प्रश्न 38 तथा 39 का उत्तर दीजिये।**




**प्र. 38** **ग्रामीण भारत में साख के किस स्त्रोत का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है?**

1. सहकारी समितियाँ तथा व्यापारिक बैंक
2. साहूकार
3. जमीदार
4. मित्रगण तथा सम्बंधी

प्र. 39 रेखाचित्र के अनुसार अपनी साख आवश्यकताओं के लिये साहूकारों पर निर्भर लोगों का क्या प्रतिशत है?

1. 2%
2. 5%
3. 30%
4. 52%

प्र. 40 अंतर्राष्ट्रीय संगठन जो विदेशी व्यापार तथा विनियोग का नियमन करता है

1. आई.एम.एफ.
2. डबल्यू.टी.ओ.
3. यू.एन.
4. यूनेस्को

प्र. 41 नीचे दी गई तालिका का अवलोकन कर प्रश्न का उत्तर दीजिये।

| गरीबी: कुछ चयनित राष्ट्रों में तुलना, 2010–13 | |
|---|---|
| राष्ट्र | $1.25 प्रतिदिन से कम जनसंख्या का प्रतिशत |
| बांग्लादेश | 43 |
| भारत | 25 |
| पाकिस्तान | 13 |
| श्रीलंका | 04 |

भारत में गरीबी से ऊपर रहने वाले लोगों का प्रतिशत है

1. 96 %
2. 87 %
3. 75 %
4. 57 %

प्र. 42 राशन की दुकानें (उचित दर वाली दुकानें) आमतौर पर बेचती हैं

1. खाद्यान्न, चीनी, खाना पकाने के लिये मिट्टी का तेल।
2. प्रसाधन सामग्री, दवाएें, पानी।
3. पानी, चीनी, बर्तन।
4. बर्तन, दवाऐं, खाद्यान्न।

**प्र. 43** **सार्वजनिक वितरण प्रणाली में, राशन कार्ड रखने वाला कोई भी परिवार, वस्तुओं की एक अनुबंधित मात्रा एक कीमत पर खरीद सकता है**

1. बाज़ार कीमत से अधिक
2. बाजार कीमत से कम
3. बाजार कीमत के बराबर
4. बाजार कीमत से कम अथवा अधिक

**प्र. 44** **एक-ही भूमि से उत्पादन बढ़ाने के लिये आवश्यक हैं**

1. खेती की आधुनिक विधियों का उपयोग
2. केवल श्रम का बढ़ाना
3. रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का बढ़ाना
4. केवल कृषि-मशीनों के उपयोग को बढ़ाना

**प्र. 45** **द्वितीयक क्षेत्रक के अन्तर्गत आते हैं**

1. पशु पालन तथा मत्स्यन
2. परिवहन तथा बैंक सेवाऐं
3. निर्माण तथा विनिर्माण करना
4. खनन तथा खदान

**प्र. 46** **'रंगभेद की नीति' ऐतिहासिक रूप से किस देश से सम्बन्धित है।**

1. रूस
2. भारत
3. दक्षिण कोरिया
4. दक्षिण अफ्रीका

**प्र. 47** **'कानून का शासन' नामक सिद्धांत का अर्थ है**

1. कानून के समक्ष समानता
2. सरकार का शासन
3. न्यायाधीशों का शासन
4. वकीलों का शासन

**प्र. 48 नागरिक अपने मूल अधिकारों की रक्षा के लिए किस संस्था के पास जाते हैं?**

1. कार्यपालिका
2. न्यायपालिका
3. विधायिका
4. मीडिया

**प्र. 49 देश की एकता कम आंकी जाती है, जब**

1. बहुसंख्यक समुदाय सहयोगी हो।
2. अल्पसंख्यक समुदाय आक्रामक हो।
3. बहुसंख्यक समुदाय सत्ता में भागेदारी से मना करता हो।
4. अल्पसंख्यक समुदाय की शिकायतें हो।

**प्र. 50 निम्नलिखित में से कौन-सा प्रजातंत्र का एक परिणाम नहीं है?**

1. उत्तरदायी सरकार
2. एकतंत्रीय सरकार
3. जबाबदेह सरकार
4. वैध सरकार

**प्र. 51 प्रजातन्त्रिक सरकार के आर्थिक लक्ष्य क्या है?**

1. लोगों के बीच में आर्थिक असमानता को बढाना
2. लोगों के बीच से आर्थिक असमानता को घटाना
3. यथास्थिति बनाए रखना
4. समस्त वित्तीय नियमों को बदलना

**प्र. 52 भारत जैसे सामाजिक रूप से विविध देश में प्रजातन्त्र को उत्तम सरकार क्यों माना जाता है?**

1. यह विभिन्न समूहों के बीच संघर्ष को स्थायी रूप से हल करना।
2. यह बहुमत वर्ग के शासन में विश्वास रखता है।
3. यह व्यक्तिगत पहचान को कम करता है।
4. यह विभिन्न संघर्ष तथा मतभेद के बीच समझौते के लिए तंत्र प्रदान करता है।

**प्र. 53** **एक साधारण नागरिक प्रजातन्त्र की जड़ों को गहरा करने में कैसे भाग लेता है?**

1. केवल मतदान द्वारा।
2. करों का भुगतान द्वारा।
3. अलग राज्य की माँग करके।
4. निर्णय लेने की विधि में भाग लेकर।

**प्र. 54** **गठबधन क्या है?**

1. एक दल द्वारा चुनाव लड़ना।
2. दो दलों द्वारा चुनाव लड़ना।
3. सभी दलों द्वारा अलग-2 चुनाव लड़ना।
4. कई दलों द्वारा एक साथ चुनाव लड़ना।

**प्र. 55** **भारतीय जनता पार्टी किस गठबंधन का नेतृत्व करती है?**

1. संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन
2. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन
3. संयुक्त मोर्चा
4. वाम मोर्चा

**प्र. 56** **निम्न में से कौन-सा देश एक दलीय व्यवस्था का उदाहरण है?**

1. भारत
2. यू.एस.ए.
3. यू.के.
4. चीन

प्र. 57 पिछली सदी के दौरान विश्व में किस प्रकार की सरकार की संख्या में वृद्धि हुई हैं?

1. लोकतांत्रिक
2. गैर–लोकतांत्रिक
3. धर्म तंत्र
4. सेना शासित

**प्र. 58 एक संघीय सरकार विरोधाभासी है**

1. एकल सरकार
2. सैनिक सरकार
3. राजतन्त्रिय सरकार
4. आधुनिक सरकार

**प्र. 59 निम्नलिखित में से कौन देश 'सबको साथ लेकर' संघीय व्यवस्था का उदाहरण है**

1. बेल्जियम
2. स्विटजरलैड
3. आस्ट्रेलिया
4. संयुक्त राज्य अमेरिका

**प्र. 60 भारतीय संविधान के अनुसार किसी अविशिष्ट विषय पर कानून बनाने का अधिकार है।**

1. सर्वोच्च न्यायालय
2. संसद
3. राज्य विधायीक
4. स्थानीय संस्थाए

Practice Paper -1

Class-10

Subject - Social Science ( Answer key )

| Question No. - Answer No | Question No. - Answer No | Question No. - Answer No |
|---|---|---|
| 1 –3 | 21 – 1 | 41 – 3 |
| 2 – 2 | 22 – 1 | 42 – 1 |
| 3 – 1 | 23 – 2 | 43 – 2 |
| 4 – 1 | 24 – 2 | 44 – 1 |
| 5 – 1 | 25 – 4 | 45 – 3 |
| 6 – 3 | 26 – 1 | 46 – 4 |
| 7 – 3 | 27 – 1 | 47 – 1 |
| 8 - 4 | 28 – 4 | 48 – 2 |
| 9 – 2 | 29 – 2 | 49 – 4 |
| 10 – 4 | 30 – 1 | 50 – 2 |
| 11 – 1 | 31 – 4 | 51 – 2 |
| 12 – 1 | 32 – 1 | 52 – 4 |
| 13 – 3 | 33 – 4 | 53 – 1 |
| 14 - 1 | 34 – 3 | 54 – 4 |
| 15 – 2 | 35 – 1 | 55 – 2 |
| 16 – 2 | 36 – 4 | 56 – 4 |
| 17 – 1 | 37 – 3 | 57 – 1 |
| 18 – 2 | 38 – 2 | 58 - 1 |
| 19 – 2 | 39 – 3 | 59 – 4 |
| 20 - 4 | 40 - 2 | 60 - 2 |